# पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा का सर्वेक्षण: जून 2011 (24वां दौर)*

*इस लेख में अप्रैल-जून 2011 की तिमाही के लिए पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण, जो कि इस श्रृंखला का 24 वां दौर है, के निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया है। इस सर्वेक्षण में अगली तिमाही तथा अगले एक वर्ष के लिए 12 शहरों के 4000 शहरी परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशा को प्रस्तुत किया गया है। ये प्रत्याशाएं उनके स्वयं के उपभोग के बास्केटों पर आधारित हैं अतः इन दरों को मुद्रास्फीति का अधिकृत पूर्वानुमान नहीं माना जाना चाहिए। पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं अल्पावधि के मुद्रास्फीति दबावों संबंधी उपयोगी दिशात्मक जानकारी उपलब्ध कराती हैं और भावी मुद्रास्फीति के बेहतर संकेतक प्राप्त करने हेतु अन्य आर्थिक संकेतकों के लिए उपयोगी हैं। सर्वेक्षण में प्राप्त हुए विचार उत्तरदाताओं के हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।*

*सर्वेक्षणों के वर्तमान दौर के परिणाम दर्शाते हैं कि अगली तिमाही की पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा पिछले सर्वेक्षण के दौरान दर्ज की गई 11.9 प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर 11.8 प्रतिशत रह गई, किंतु अगले एक वर्ष की पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा 12.7 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गई। सर्वेक्षणों के निष्कर्षों से यह संकेत मिलता है कि पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा में वर्तमान में प्रत्याशित 11.2 प्रतिशत की तुलना में अगली तिमाही तथा अगले वर्ष के दौरान क्रमश: 60 तथा 170 आधार अंकों की वृद्धि होगी। सभी उत्पाद समूहों (अर्थात खाद्य और खाद्येतर, घरेलू वस्तुएं, आवास और सेवाएं ) के संबंध में मूल्यों में वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। तथापि, साधारण मूल्य वृद्धि की प्रत्याशाएं मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में होनेवाले उतार-चढ़ाव से प्रभावित थीं। श्रेणी-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के संबंध में दैनिक मजदूर तथा गृहिणियों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं अन्य श्रेणियों की तुलना में उच्च थीं। सभी शहरों में बेंगलुरु ने सबसे अधिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा और हैदराबाद ने सबसे कम प्रत्याशा दर्ज की। 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं का यह मानना था कि भारतीय रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है, 51 प्रतिशत लोगों का मानना था कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाई का असर पड़ता है।*

* पारिवारिक सर्वेक्षण प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग में तैयार किया गया। इस विषय पर पिछला लेख भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के जून 2011 अंक में प्रकाशित किया गया था।

## I परिचय

भारतीय रिज़र्व बैंक सितंबर 2005 से तिमाही आधार पर पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण (आईईएसएच) का आयोजन करता आ रहा है। इस सर्वेक्षण में अगले तीन माह तथा अगले एक वर्ष के मूल्य में परिवर्तन (सामान्य कीमतों और विशिष्ट उत्पादन समूह की कीमतों में) पर गुणात्मक प्रतिक्रियाओं और वर्तमान, तीन माह आगे तथा अगले एक वर्ष की मुद्रास्फीति दर पर मात्रात्मक प्रतिक्रियाओं का पता लगाया जाता है। पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं व्यक्तिपरक मूल्यांकन हैं और ये उनके व्यक्तिगत उपभोक्ता बास्केट पर आधारित हैं, इसलिए ये सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़ों से भिन्न हो सकती हैं।

## II आंकड़ों की व्याप्ति तथा कार्यविधि

पारिवारिक मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण अनुसूची को छह ब्लॉकों में विभाजित किया गया है (परिशिष्ट )। प्रथम ब्लॉक में उत्तरदाता का नाम, संपर्क के ब्यौरे, लिंग, आयु तथा पेशा (वर्ग) की जानकारी मांगी जाती है। द्वितीय तथा तृतीय ब्लॉक में क्रमशः आगामी तीन महीनों और एक वर्ष के लिए उत्पाद-वार मूल्य प्रत्याशा संबंधी जानकारी मांगी जाती है। चतुर्थ ब्लॉक में मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों पर उत्तरदाता की प्रतिक्रियाओं का आकलन किया जाता है। पांचवें ब्लॉक में तीन समय बिंदुओं अर्थात वर्तमान, आगामी तीन महीने और आगामी एक वर्ष के लिए उत्तरदाताओं से मुद्रास्फीति दर की जानकारी एकत्र की जाती है। अंतिम ब्लॉक में उत्तरदाताओं द्वारा पिछले एक माह में प्रमुख खाद्य पदार्थों, नामत: दूध (प्रति लीटर) गेहूं का आटा (प्रति किलोग्राम), चावल (प्रति किलोग्राम), चना दाल (प्रति किलोग्राम) और तुअर दाल (प्रति किलोग्राम) की खरीद करने के लिए अदा की गयी राशि संबंधी सूचना एकत्र की जाती है।

### *II.1 आंकड़ों की व्याप्ति*

रिज़र्व बैंक प्रत्येक तिमाही में 12 शहरों में सर्वेक्षण करता है। सर्वेक्षण हेतु बड़े मेट्रोपोलिटन शहर, यथा-दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नै प्रत्येक में 500 परिवारों को शामिल किया गया है जबकि 8 अन्य शहरों यथा-जयपुर, लखनऊ, भोपाल, अहमदाबाद, पटना,

**सारणी 1: उत्तरदाताओं की प्रोफाइल (श्रेणी): कुल नमूने में हिस्सा**

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | कुल हिस्सा (%) | लक्ष्य हिस्सा (%) |
|---|---|---|
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 9.6 | 10.0 |
| अन्य कर्मचारी | 16.2 | 15.0 |
| स्व-नियोजित | 20.6 | 20.0 |
| गृहिणियां | 29.9 | 30.0 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 8.9 | 10.0 |
| दैनिक कामगार | 9.0 | 10.0 |
| अन्य श्रेणी | 5.9 | 5.0 |
| कुल | 100 | 100 |

**नोट**: उक्त नमूनों का अनुपात **जून 2011** के सर्वेक्षण का है।

गुवाहाटी, बेंगलुरु और हैदराबाद प्रत्येक में 250 परिवारों को शामिल किया गया है। उत्तरदाताओं में शहर के सभी हिस्सों का भली-भांति प्रतिनिधित्व किया गया है ताकि बेहतर भौगोलिक व्याप्ति हो। समूह में पुरुष और महिला उत्तरदाताओं का अनुपात आम तौर पर 3:2 होता है। उत्तरदाताओं का श्रेणीवार प्रतिनिधित्व की जानकारी सारणी 1 में दी गयी है। सैम्पल व्याप्ति आम तौर पर सभी चरणों में लक्ष्य के अनुरूप होती है।

### *II.2 एकत्र की गई जानकारी*

सर्वेक्षण में मूल्य प्रत्याशाओं की जानकारी सामान्य मूल्य और पांच उत्पाद समूहों (खाद्य उत्पाद, खाद्य उत्पादों से इतर उत्पाद, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, आवास और सेवाएं) के संबंध में प्राप्त की जाती है। सामान्य मूल्य में अन्य सभी उत्पाद समूहों के मूल्यों को लिया जाता है। उत्तरदाताओं को दिए गए विकल्प ये होते हैं: (i) मूल्य वृद्धि वर्तमान दर से अधिक होगी, (ii) मूल्य वृद्धि वर्तमान दर के समान होगी, (iii) मूल्य वृद्धि वर्तमान दर से कम होगी, (iv) मूल्यों में कोई परिवर्तन नहीं होगा, और (v) मूल्यों में कमी आएगी। पांच विकल्पों में पहले तीन विकल्प वर्तमान दर की तुलना में भविष्य की मूल्य वृद्धि की दर से संबंधित उत्तरदाताओं की प्रत्याशाओं के बारे में होते हैं। उत्तरदाताओं से आगामी तीन महीने और आगामी एक वर्ष की प्रत्याशाओं के बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं। वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन दर्शानेवाली उत्तरदाताओं की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं की जानकारी ब्लॉक 5 के माध्यम से एकत्र की जाती है। मुद्रास्फीति दरें अंतराल आधार पर एकत्र की जाती हैं जिनमें न्यूनतम 'एक प्रतिशत से कम' तथा उच्चतम '16 प्रतिशत और अधिक' रहती हैं तथा सभी मध्यवर्ती श्रेणियों का अंतराल 100 आधार अंकों का होता है। मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिजर्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाई और रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के असर के संबंध में उत्तरदाताओं की जागरूकता की जानकारी इक्कीसवें सर्वेक्षण दौर (सितंबर 2010 को समाप्त तिमाही ) से प्राप्त की जार रही है और इसे ब्लॉक 4 में दर्शाया गया है। पिछले एक माह के दौरान प्रमुख खाद्य मदों, नामत: दूध (प्रति लीटर), गेहूं का आटा (प्रति किलोग्राम), चावल (प्रति किलोग्राम), चना दाल (प्रति किलोग्राम) और तुअर दाल (प्रति किलोग्राम) की खरीद के लिए उत्तरदाताओं द्वारा अदा की गई राशि के संबंध में सूचना प्राप्त करने हेतु 22वें दौर (दिसंबर 2010 को समाप्त तिमाही) से ब्लॉक 6 में एक नया प्रश्न जोड़ा गया।

## III सर्वेक्षण परिणाम

### *III.1 सामान्य मूल्य प्रत्याशाएं*

अद्यतन दौर के सर्वेक्षण से पता चलता है कि ऐसे उत्तरदाताओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है जो यह मानते हैं कि आगामी तीन महीनों और आगे एक वर्ष दोनों में सामान्य मूल्य में वृद्धि होगी। पिछले 10

**सारणी 2: सामान्य कीमत प्रत्याशाएं**

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि → | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **समाप्त तिमाही** | **मार्च-09** | **जून-09** | **सितं-09** | **दिसं-09** | **मार्च-10** | **जून-10** | **सितं-10** | **दिसं-10** | **मार्च-11** | **जून-11** |
| **विकल्प** | **3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **92.0** | **93.1** | **95.8** | **97.4** | **95.7** | **95.3** | **96.5** | **98.6** | **96.0** | **98.7** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 54.9 | 63.5 | 72.2 | 74.6 | 66.9 | 72.7 | 72.2 | 74.3 | 72.9 | 71.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 22.4 | 20.7 | 18.4 | 16.6 | 20.0 | 20.0 | 21.0 | 22.0 | 20.4 | 19.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 14.8 | 8.9 | 5.1 | 6.2 | 8.8 | 2.6 | 3.3 | 2.3 | 2.7 | 7.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **6.9** | **6.1** | **3.7** | **2.4** | **3.4** | **4.2** | **2.9** | **1.1** | **3.5** | **1.2** |
| **कीमतों में कमी** | **1.1** | **0.9** | **0.6** | **0.3** | **0.9** | **0.5** | **0.6** | **0.4** | **0.5** | **0.1** |
| **विकल्प** | **1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.6** | **93.7** | **96.3** | **96.3** | **96.5** | **95.2** | **95.6** | **98.9** | **96.1** | **98.7** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 64.7 | 62.8 | 69.5 | 68.2 | 62.8 | 70.8 | 70.4 | 77.4 | 73.4 | 73.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 15.9 | 18.5 | 17.3 | 15.2 | 19.8 | 18.7 | 19.7 | 17.9 | 18.6 | 18.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 15.0 | 12.4 | 9.5 | 12.9 | 13.9 | 5.7 | 5.6 | 3.6 | 4.2 | 7.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.3** | **5.3** | **3.1** | **3.1** | **2.6** | **3.8** | **3.5** | **0.9** | **3.5** | **1.3** |
| **कीमतों में कमी** | **1.1** | **0.9** | **0.7** | **0.6** | **0.9** | **1.1** | **0.9** | **0.3** | **0.3** | **0.0** |

दौरों में उत्तरों के इन प्रत्येक श्रेणी के संबंध में उत्तरदाताओं का अनुपात सारणी 2 में दिया गया है। आगामी तीन महीनों और आगामी एक वर्ष में मूल्य वृद्धि की अपेक्षा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत पिछले दौर (जनवरी-मार्च 2011) के 96.0 प्रतिशत से बढ़कर 98.7 प्रतिशत हो गया। तथापि, इन दोनों अवधियों में ऐसे उत्तरदाताओं के प्रतिशत में मामूली वृद्धि हुई है जो यह मानते हैं कि पिछले दौर के सर्वेक्षण की तुलना में मूल्य में वृद्धि 'वर्तमान दर से उच्च' रहेगी, किंतु ऐसे उत्तरदाताओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है जो यह मानते हैं कि पिछली तिमाही की तुलना में मूल्य में वृद्धि 'वर्तमान दर से कम' रहेगी।

### *III.2 उत्पाद समूह-वार मूल्य प्रत्याशाएं*

उत्पाद समूह-वार मूल्य प्रत्याशाएं विवरण I में दी गई हैं। आगामी तीन महीनों और अगले एक वर्ष की मूल्य प्रत्याशाओं के संबंध में उन उत्तरदाताओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है जो यह मानते हैं कि सभी उत्पाद समूहों अर्थात खाद्य उत्पाद, खाद्येतर उत्पाद, घरेलू टिकाऊ वस्तुओं, आवास और सेवाओं के मूल्यों में वृद्धि होगी। खाद्य और खाद्येतर उत्पादों के संबंध में आगामी तीन महीनों की प्रत्याशा के बारे में ऐसे परिवारों के प्रतिशत में कमी आई है जो यह मानते हैं कि मूल्य में वृद्धि "वर्तमान दर के समान" रहेगी। तथापि, "वर्तमान दर से अधिक की मूल्य वृद्धि" की प्रत्याशा करने वाले परिवारों के अनुपात में वृद्धि हुई है। घरेलू टिकाऊ वस्तुओं की कीमतों के संबंध में "वर्तमान दर से अधिक की मूल्य वृद्धि" और "वर्तमान दर के समान मूल्य वृद्धि" की प्रत्याशा करने वाले परिवारों के अनुपात में पिछले दौर की तुलना में वृद्धि हुई है। इसी तरह, सर्वेक्षण के पिछले दौर की तुलना में अधिक परिवारों की प्रत्याशा है कि आवास के मूल्य और सेवाओं के मूल्य में वृद्धि की दर वर्तमान दर से कम रहेगी।

### *III.3 सामान्य कीमतों तथा उत्पाद समूहों की कीमतों के बीच आपसी संबंध*

विभिन्न उत्पाद समूहों की मूल्य प्रत्याशाएं सामान्य मूल्य प्रत्याशाओं को प्रभावित करती हैं। तथापि कतिपय उत्पाद समूहों की मूल्य प्रत्याशा अन्य उत्पादों की तुलना में सामान्य मूल्य प्रत्याशा को बहुत प्रभावित कर सकती है। इसलिए सामान्य मूल्यों और विभिन्न उत्पाद समूहों के मूल्यों के बीच के आपसी संबंध के स्तर का निर्धारण सामान्य मूल्यों और विभिन्न उत्पाद समूहों के मूल्यों में इसी तरह के उतार-चढ़ाव की आशा करने वाले उत्तरदाताओं के कुल प्रतिशत के आधार पर किया गया। सामान्य मूल्यों और विभिन्न उत्पाद समूहों के मूल्यों के बीच अगले तीन महीनों तथा अगले एक वर्ष में आपसी संबंधों की स्थिति सारणी 3 तथा 4 में दी गई है।

पिछले सर्वेक्षण की तरह अन्य उत्पाद समूहों की तुलना में सामान्य मूल्य प्रत्याशाएं खाद्यान्न मूल्य प्रत्याशाओं के अनुरूप पाई गईं। यह संबंध घरेलू टिकाऊ उत्पाद समूह के मामले में निम्नतम पाया गया। सर्वेक्षण के चालू दौर में तीन महीने आगे तथा एक वर्ष आगे की सामान्य मूल्य प्रत्याशा का अनुमान लगाते समय क्रमशः लगभग 88.5 प्रतिशत और 94.8 प्रतिशत उत्तरदाता खाद्यान्नों की कीमतों से प्रभावित थे। सामान्य कीमत प्रत्याशाओं और अन्य उत्पाद समूहों की प्रत्याशाओं के बीच के संबंध में पिछले दौर की तुलना में वर्तमान सर्वेक्षण दौर में मोटे तौर पर वृद्धि हुई है।

### *III.4 मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

12 वें चक्र (सितंबर 2008) से वर्तमान की मुद्रास्फीति दर और तीन माह आगे और एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं की धारणा सारणी 5 तथा चार्ट 1 में दी गई है। ये प्रत्याशाएं 4,000

**सारणी 3: विभिन्न उत्पाद-समूहों की कीमत प्रत्याशाओं में घट-बढ़ के अनुरूप सामान्य कीमत में घट-बढ़ की आशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत - तीन माह आगे**

*(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)*

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | खाद्यान्न | खाद्यान्नेतर | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | मार्च-09 | 85.4 | 85.3 | 62.8 | 73.0 | 73.9 |
| 16 | जून-09 | 87.0 | 79.3 | 59.4 | 72.0 | 76.7 |
| 17 | सितं.-09 | 89.1 | 81.3 | 56.5 | 78.1 | 82.2 |
| 18 | दिसं.-09 | 88.3 | 83.6 | 62.3 | 82.7 | 79.3 |
| 19 | मार्च-10 | 87.4 | 81.4 | 66.5 | 78.1 | 76.6 |
| 20 | जून-10 | 89.9 | 82.4 | 63.6 | 80.2 | 80.8 |
| 21 | सितं.-10 | 91.4 | 86.1 | 64.8 | 79.2 | 76.7 |
| 22 | दिसं.-10 | 92.3 | 77.3 | 58.9 | 82.5 | 76.6 |
| 23 | मार्च-11 | 85.5 | 78.9 | 62.5 | 82.5 | 76.4 |
| 24 | जून-11 | 88.5 | 83.0 | 68.1 | 80.4 | 80.0 |

**सारणी 4: विभिन्न उत्पाद-समूहों की कीमत प्रत्याशाओं में घट-बढ़ के अनुरूप सामान्य कीमत में घट-बढ़ की आशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत - एक वर्ष आगे**

*(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)*


| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | खाद्यान्न | खाद्यान्नेतर | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | मार्च-09 | 89.1 | 88.1 | 65.3 | 79.4 | 74.8 |
| 16 | जून-09 | 89.2 | 82.2 | 61.4 | 76.8 | 78.5 |
| 17 | सितं.-09 | 91.9 | 85.8 | 65.0 | 78.9 | 82.3 |
| 18 | दिसं.-09 | 91.1 | 88.4 | 69.0 | 82.8 | 79.3 |
| 19 | मार्च-10 | 89.9 | 83.6 | 67.3 | 79.7 | 76.2 |
| 20 | जून-10 | 91.7 | 83.2 | 67.2 | 79.4 | 81.1 |
| 21 | सितं.-10 | 93.4 | 88.0 | 66.8 | 81.0 | 76.3 |
| 22 | दिसं.-10 | 91.7 | 83.5 | 62.4 | 83.0 | 78.8 |
| 23 | मार्च-11 | 89.8 | 81.6 | 68.1 | 82.4 | 80.6 |
| 24 | जून-11 | 94.8 | 86.6 | 70.4 | 81.6 | 81.6 |

**सारणी 5: घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं - वर्तमान, तीन महीने आगे तथा एक वर्ष आगे**

| सर्वेक्षण दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | तिमाही प्रत्याशा अवधि | मुद्रास्फीति की दर प्रतिशत में | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्तमान | 3 महीने आगे | 1 वर्ष आगे |
| 13 | सितं.-08 | अक्तू.-दिसं.-08 | 12.0 | 12.8 | 13.5 |
| 14 | दिसं.-08 | जन.-मार्च-09 | 9.3 | 8.9 | 9.6 |
| 15 | मार्च-09 | अप्रै.-जून-09 | 5.2 | 5.3 | 6.2 |
| 16 | जून-09 | जुलाई-सितं.-09 | 5.8 | 6.3 | 6.7 |
| 17 | सितं.-09 | अक्तू.-दिसं.-09 | 8.2 | 8.7 | 9.2 |
| 18 | दिसं.-09 | जन.-मार्च-10 | 11.1 | 11.6 | 11.9 |
| 19 | मार्च-10 | अप्रै.-जून-10 | 10.3 | 10.6 | 11.0 |
| 20 | जून-10 | जुलाई-सितं.-10 | 11.1 | 11.4 | 11.9 |
| 21 | सितं.-10 | अक्तू.-दिसं.-10 | 12.1 | 12.3 | 12.7 |
| 22 | दिसं.-10 | जन.-मार्च-11 | 11.8 | 12.4 | 13.1 |
| 23 | मार्च-11 | अप्रै.-जून-11 | 11.5 | 11.9 | 12.7 |
| 24 | जून-11 | जुलाई-सितं.-11 | 11.2 | 11.8 | 12.9 |

परिवारों की औसत मुद्रास्फीति दर का प्रतिनिधित्व करती हैं। सर्वेक्षण के चालू दौर से यह पता चलता है कि तीन माह आगे की परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सर्वेक्षण के पिछले दौर के 11.9 प्रतिशत की तुलना में मामूली रूप से घटकर 11.8 प्रतिशत हो गई हैं किंतु एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं 12.7 प्रतिशत से आंशिक रूप से बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गई हैं। सर्वेक्षण के वर्तमान दौर में चालू मुद्रास्फीति और तीन माह आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशा के संबंध में उत्तरदाताओं की धारणा में क्रमश: 30 और 10 आधार अंकों की गिरावट आई है जबकि, एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति की धारणा में पिछले दौर की संगत धारणाओं की तुलना में 20 आधार अंकों की वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि परिवारों की तीन माह आगे और एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति में वर्तमान प्रत्याशित 11.2 प्रतिशत की दर से क्रमश: 60 और 170 आधार अंकों की और बढ़ोतरी होगी। यद्यपि, ये मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं भविष्य की मुद्रास्फीति की दिशात्मक गतिविधियों के संबंध में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराती हैं, परंतु इन्हें मुद्रास्फीति के आधिकारिक माप के पूर्वानुमान के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।


**चार्ट 1: घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं - वर्तमान, 3 माह आगे तथा 1 वर्ष आगे माध्य मुद्रास्फीति दर**




चार्ट 1 से देखा जा सकता है कि तीन माह आगे की अल्पावधि प्रत्याशाएं और एक वर्ष आगे की दीर्घावधि मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं वर्तमान अनुमानित मुद्रास्फीति से अधिक हैं।

चार्ट 2 में सभी पण्यों के थोक मूल्य सूचकांक और औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर

**चार्ट 2: मुद्रास्फीति की आधिकारिक संख्या की तुलना में घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**



**सारणी 6: विभिन्न दौर में प्राप्त उत्तरों में उतार-चढ़ाव**

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | मुद्रास्फीति की दर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मौजूदा | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
| | | माध्य % | मानक विचलन | माध्य % | मानक विचलन | माध्य % | मानक विचलन |
| 14 | दिसं.-08 | 9.3 | 1.9 | 8.9 | 3.5 | 9.6 | 3.9 |
| 15 | मार्च-09 | 5.2 | 1.9 | 5.3 | 2.6 | 6.2 | 2.7 |
| 16 | जून-09 | 5.8 | 4.4 | 6.3 | 4.6 | 6.7 | 4.7 |
| 17 | सितं-09 | 8.2 | 6.0 | 8.7 | 6.0 | 9.2 | 5.9 |
| 18 | दिसं.-09 | 11.1 | 4.9 | 11.6 | 4.9 | 11.9 | 5.1 |
| 19 | मार्च-10 | 10.3 | 4.4 | 10.6 | 4.7 | 11.0 | 4.8 |
| 20 | जून-10 | 11.1 | 3.6 | 11.4 | 4.1 | 11.9 | 4.2 |
| 21 | सितं-10 | 12.1 | 3.2 | 12.3 | 3.6 | 12.7 | 3.8 |
| 22 | दिसं.-10 | 11.8 | 3.5 | 12.4 | 3.7 | 13.1 | 3.6 |
| 23 | मार्च-11 | 11.5 | 3.1 | 11.9 | 3.7 | 12.7 | 3.6 |
| 24 | जून-11 | 11.2 | 3.4 | 11.8 | 3.3 | 12.9 | 3.3 |

आधिकारिक मुद्रास्फीति के माप के साथ घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं दिखायी गयी हैं। सर्वेक्षण इतिहास के बड़े भाग में घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं थोक मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक कामगार के बीच रहीं। तथापि, सितंबर 2010 के सर्वेक्षण दौर से घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं आधिकारिक मुद्रास्फीति दरों से अधिक हैं। वर्तमान दौर में भी यही प्रवृत्ति देखी गई है।

### *III.5 उत्तरों में भिन्नता*

सर्वेक्षण के विभिन्न दौरों में मानक विचलन की दृष्टि से उत्तरों में भिन्नता का स्तर तीन माह आगे तथा एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं की तुलना में मौजूदा मुद्रास्फीति के संबंध में कम रहा है (सारणी 6)। तथापि, सर्वेक्षण के अद्यतन दौर में सभी तीनों अवधियों में भिन्नता कमोबेश एक समान रही।

**सारणी 8: जून 2011 के सर्वेक्षण दौर की लिंगवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| लिंग | वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| पुरुष | 11.1 | 3.5 | 11.7 | 3.3 | 12.9 | 3.3 |
| महिला | 11.4 | 3.3 | 12.0 | 3.2 | 12.9 | 3.3 |

मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं से संबंधित उत्तरों की कुल परिवर्तनीयता की अंशतः व्याख्या विभिन्न दौरों में उत्तरदाताओं के अलग-अलग श्रेणीबद्ध कारकों (यथा लिंग, आयु-समूह, शहर तथा श्रेणी) से की जा की जा सकती है। विभिन्न दौरों में किए गए परिवर्तन विश्लेषण (एएनओवीए) से पता चलता है कि सभी दौरों में 'शहर' परिवर्तन का उल्लेखनीय स्रोत रहा है (सारणी 7)। उत्तरदाताओं की श्रेणी भी विशेष तौर पर पिछले एक वर्ष के दौरान भिन्नता का महत्त्वपूर्ण स्रोत रही है। ऐसा विभिन्न शहरों में और उत्तरदाताओं की श्रेणियों में उपभोक्ता बास्केटों में भिन्नता के कारण हो सकता है।

### *III.6 लिंग-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

यद्यपि, सर्वेक्षण के वर्तमान दौर में महिला उत्तरदाताओं की मुद्रास्फीति प्रत्याशा का स्तर पुरुष उत्तरदाताओं की तुलना में मामूली रूप से अधिक था, फिर भी विश्लेषण से यह पता चलता है कि सर्वेक्षण के विभिन्न दौरों में महिला और पुरुष उत्तरदाताओं के उत्तरों में वर्तमान, तीन महीने आगे तथा एक वर्ष आगे की अवधि के संबंध में कोई महत्त्वपूर्ण अंतर नहीं था (सारणी 8 )।

### *III.7 श्रेणी-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

उत्तरदाताओं की श्रेणी उनके पेशे की हैसियत को दर्शाती है। हाल के सर्वेक्षण दौर में दैनिक मजदूरों तथा गृहिणियों ने उच्च मुद्रास्फीति

**सारणी 7: कुल उतार-चढ़ाव स्पष्ट करने वाले घटक**

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | वर्तमान | 3 महीने आगे | 1 वर्ष आगे |
|---|---|---|---|---|
| 14 | दिसं.-08 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 15 | मार्च-09 | शहर, श्रेणी, | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 16 | जून-09 | शहर, लिंग, श्रेणी, आयु | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी, आयु |
| 17 | सितं.-09 | शहर, आयु | शहर, आयु | शहर, आयु |
| 18 | दिसं.-09 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी | शहर |
| 19 | मार्च-10 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 20 | जून-10 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी, आयु |
| 21 | सितं.-10 | शहर, लिंग, श्रेणी, आयु | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 22 | दिसं.-10 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 23 | मार्च-11 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी, आयु |
| 24 | जून-11 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |

**टिप्पणी:** भिन्नता का विश्लेषण करने वाली प्रक्रिया पर आधारित परिणाम।

**सारणी 9: जून 2011 के सर्वेक्षण दौर के लिए श्रेणीवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| उत्तरदाता की श्रेणी | वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 10.6 | 3.2 | 11.3 | 3.1 | 12.1 | 3.6 |
| अन्य कर्मचारी | 11.0 | 3.4 | 11.6 | 3.3 | 12.8 | 3.1 |
| स्व-नियोजित | 11.3 | 3.5 | 11.8 | 3.4 | 13.0 | 3.4 |
| गृहिणियां | 11.4 | 3.4 | 12.0 | 3.2 | 13.1 | 3.2 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 11.2 | 3.3 | 11.9 | 3.1 | 13.0 | 3.2 |
| दैनिक कामगार | 11.8 | 3.5 | 12.2 | 3.4 | 13.4 | 3.2 |
| अन्य श्रेणी | 11.0 | 3.4 | 11.7 | 3.2 | 12.9 | 3.0 |

प्रत्याशा सूचित की जबकि वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों ने निम्नतम मुद्रास्फीति प्रत्याशा रिपोर्ट की (सारणी 9)।

*III.8 आयु समूहों के अनुसार मुद्रास्फीति प्रत्याशा*

यह सर्वेक्षण केवल 18 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वयस्क उत्तरदाताओं को ही कवर करता है। वर्तमान सर्वेक्षण दौर में उत्तरदाता ने, जिनकी आयु "25 वर्ष तक " और "55 वर्ष और इससे अधिक" थी, अगले तीन महीने और अगले एक वर्ष के लिए सर्वोच्च मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं कीं (सारणी 10)। तथापि अन्य आयु समूह में मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं में कोई विशिष्ट प्रवृत्ति नहीं पाई गई।

*III.9 शहर-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के संबंध में विभिन्न शहरों में मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं में उल्लेखनीय अंतर था जिसका कारण प्रत्येक शहर के उपभोग के पैटर्न में अंतर होना हो सकता है। हाल ही के सर्वेक्षण दौर से पता चलता है कि जयपुर में मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सबसे अधिक थीं जबकि पटना की प्रत्याशाएं सबसे कम थीं। तथापि, अगले तीन महीने और अगले एक वर्ष के लिए बैंगलोर के परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सर्वोच्च और हैदराबाद के परिवारों की न्यूनतम थीं (सारणी 11)। मौजूदा मुद्रास्फीति संबंधी उत्तरों में भिन्नता अहमदाबाद में सर्वोच्च और पटना में न्यूनतम थीं।

*III.10 वर्तमान मुद्रास्फीति और भविष्य की प्रत्याशाओं का क्रॉस टेबुलेशन*

मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं का वितरण वर्तमान मूल्य में परिवर्तन की तुलना में भविष्य के मूल्य में होने वाले परिवर्तनों के संबंध में उत्तरदाताओं की आशावादिता को दर्शाता है। अगले तीन महीनों और अगले एक वर्ष के लिए वर्तमान और भविष्य की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के बीच के संबंध को दर्शाने वाला क्रॉस टेबुलेशन सारणी 12 और सारणी 13 में दिखाया गया है और इसे चार्ट 3 में भी दिखाया गया है। यह पाया गया कि 52.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वर्तमान मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में रहने का अनुमान किया। इसी तरह 71.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं की तीन माह आगे की और 81.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं की एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति प्रत्याशा दोहरे अंकों में थी। भविष्य की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं और वर्तमान

**सारणी 10: जून 2011 के सर्वेक्षण दौर के लिए आयु समूहवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| आयु | वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| 25 वर्ष तक | 11.3 | 3.5 | 12.1 | 3.2 | 13.3 | 3.1 |
| 25 से 30 वर्ष | 11.2 | 3.4 | 11.8 | 3.2 | 12.9 | 3.3 |
| 30 से 35 वर्ष | 11.3 | 3.4 | 11.8 | 3.3 | 12.8 | 3.4 |
| 35 से 40 वर्ष | 11.2 | 3.4 | 11.7 | 3.4 | 12.8 | 3.2 |
| 40 से 45 वर्ष | 11.0 | 3.3 | 11.7 | 3.1 | 12.7 | 3.3 |
| 45 से 50 वर्ष | 11.4 | 3.5 | 11.8 | 3.4 | 12.8 | 3.5 |
| 50 से 55 वर्ष | 11.1 | 3.3 | 11.5 | 3.5 | 12.7 | 3.4 |
| 55 से 60 वर्ष | 11.3 | 3.4 | 12.1 | 3.2 | 13.3 | 2.9 |
| 60 वर्ष और अधिक | 11.5 | 3.5 | 12.1 | 3.3 | 13.3 | 3.2 |
| **कुल** | **11.2** | **3.4** | **11.8** | **3.3** | **12.9** | **3.3** |

**सारणी 11: जून 2011 के सर्वेक्षण दौर के लिए शहरवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| शहर | वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| मुंबई | 14.4 | 2.8 | 14.4 | 3.8 | 15.4 | 2.7 |
| दिल्ली | 11.0 | 3.6 | 11.9 | 3.7 | 13.4 | 3.2 |
| चेन्नई | 11.7 | 2.2 | 12.5 | 2.2 | 11.6 | 3.4 |
| कोलकाता | 9.6 | 1.2 | 10.0 | 1.7 | 10.1 | 2.3 |
| बेंगलुरु | 15.6 | 2.2 | 15.7 | 2.0 | 15.9 | 1.6 |
| हैदराबाद | 8.5 | 2.1 | 8.9 | 2.2 | 9.8 | 2.4 |
| अहमदाबाद | 11.6 | 3.7 | 13.3 | 2.8 | 14.8 | 1.9 |
| लखनऊ | 8.6 | 1.2 | 10.5 | 1.6 | 13.0 | 2.1 |
| जयपुर | 15.7 | 2.3 | 12.1 | 4.9 | 15.5 | 3.1 |
| भोपाल | 8.9 | 1.3 | 10.1 | 1.4 | 11.9 | 1.8 |
| पटना | 7.6 | 0.7 | 10.4 | 0.9 | 14.6 | 1.5 |
| गुवाहाटी | 9.8 | 1.0 | 10.3 | 1.2 | 10.6 | 1.5 |
| **कुल** | **11.2** | **3.4** | **11.8** | **3.3** | **12.9** | **3.3** |

## सारणी 12: वर्तमान और 3 महीने आगे की मुद्रास्फीति का प्रतिसारणीयन


| | | 3 महीने आगे की मुद्रास्फीति दर | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | < 1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | <1 | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | | | | | 3 |
| | 1-2 | | 1 | | 1 | | | | | | | | | | | | | | | 2 |
| | 2-3 | | | | 2 | | 1 | | | | | | | | | | | | | 3 |
| | 3-4 | | 1 | | 3 | 4 | 2 | | | | | | | | | | | | | 11 |
| | 4-5 | | | | | 4 | 4 | 6 | 1 | 1 | | | | | | 1 | | | | 17 |
| | 5-6 | | | | | 1 | 7 | 4 | 3 | | | 1 | 1 | | 1 | | | | | 18 |
| | 6-7 | | | | | 1 | 3 | 25 | 32 | 22 | 8 | 14 | 6 | 1 | 1 | | | | | 113 |
| | 7-8 | | | | | | | 4 | 84 | 106 | 93 | 165 | 38 | 10 | 3 | | 1 | | | 504 |
| | 8-9 | 7 | | | | | 1 | 2 | 20 | 152 | 275 | 129 | 29 | 24 | 4 | 2 | 1 | 1 | | 647 |
| | 9-10 | | | | | | | | | 17 | 143 | 281 | 90 | 24 | 6 | 4 | 1 | 2 | 2 | 570 |
| | 10-11 | 3 | | | 1 | | | | | 2 | 5 | 160 | 229 | 52 | 16 | 1 | 3 | 2 | 4 | 478 |
| | 11-12 | 4 | | | | | | | | | | 9 | 53 | 128 | 26 | 4 | 1 | 3 | 2 | 230 |
| | 12-13 | 1 | | | | | | | | | | | 3 | 36 | 108 | 18 | 3 | 3 | | 172 |
| | 13-14 | | | | | | 1 | | 1 | | | | | 3 | 12 | 99 | 17 | 3 | | 136 |
| | 14-15 | 2 | | | | | | 2 | | | | | | 2 | 2 | 21 | 97 | 28 | | 154 |
| | 15-16 | 2 | | | | | | | | | 1 | | | | | 2 | 11 | 97 | | 113 |
| | >=16 | 36 | | | | 1 | 6 | 8 | 3 | 8 | 1 | 33 | 4 | 19 | 7 | 16 | 5 | 681 | 1 | 829 |
| | कुल | 56 | 3 | 1 | 7 | 11 | 25 | 51 | 144 | 308 | 526 | 792 | 453 | 299 | 186 | 168 | 141 | 820 | 9 | 4000 |

मुद्रास्फीति की धारणा का क्रॉस टेबुलेशन दर्शाता है कि जिन 52.8 प्रतिशत (पिछले दौर में 66.3 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने वर्तमान मुद्रास्फीति के दोहरे अंकों में होने का अनुमान किया था, उनमें से 95.5 प्रतिशत (पिछले दौर में 93.7 प्रतिशत) और 96.8 प्रतिशत (पिछले दौर में 92.3 प्रतिशत) का अनुमान था कि मुद्रास्फीति तीन माह आगे तथा एक वर्ष आगे भी दोहरे अंकों में बनी रहेगी।

## सारणी 13: वर्तमान और 1 वर्ष आगे की मुद्रास्फीति का प्रतिसारणीयन

| | | 1 वर्ष आगे की मुद्रास्फीति दर (प्रतिशत) | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | < 1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | <1 | | | | 1 | 1 | | | | | 1 | | | | | | | | | 3 |
| | 1-2 | | 1 | | | 1 | | | | | | | | | | | | | | 2 |
| | 2-3 | | | | 1 | | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | 3 |
| | 3-4 | 1 | | | 4 | 1 | 1 | | | 1 | 1 | | | | | | | 2 | | 11 |
| | 4-5 | | | | | 1 | | 3 | 5 | | | 3 | | 1 | | | | 3 | 1 | 17 |
| | 5-6 | | | | | | 2 | 4 | 4 | 1 | 2 | 3 | | | | | | 2 | | 18 |
| | 6-7 | 1 | | | | | 3 | 9 | 19 | 20 | 6 | 8 | 13 | 8 | 3 | 10 | 8 | 5 | | 113 |
| | 7-8 | 5 | | | | | 1 | 3 | 25 | 88 | 43 | 43 | 33 | 44 | 44 | 73 | 54 | 45 | 3 | 504 |
| | 8-9 | 12 | | | | | 1 | 5 | 14 | 126 | 59 | 160 | 80 | 69 | 46 | 26 | 28 | 19 | 2 | 647 |
| | 9-10 | 10 | | | | | | | 3 | 13 | 161 | 51 | 134 | 68 | 56 | 27 | 10 | 31 | 6 | 570 |
| | 10-11 | 3 | | | | | | 1 | | 3 | 17 | 170 | 46 | 112 | 44 | 40 | 18 | 19 | 5 | 478 |
| | 11-12 | 3 | | | | | | | | | | 23 | 63 | 18 | 61 | 21 | 17 | 21 | 3 | 230 |
| | 12-13 | 3 | | | | | | | | | | 2 | 14 | 39 | 16 | 62 | 15 | 20 | 1 | 172 |
| | 13-14 | 2 | | | | | | 1 | | 1 | | | 2 | 20 | 34 | 6 | 42 | 28 | | 136 |
| | 14-15 | 5 | | | | | | 1 | | | 1 | 1 | | 2 | 18 | 23 | 13 | 90 | | 154 |
| | 15-16 | 2 | | | | | | | | | | | | | 1 | 4 | 16 | 90 | | 113 |
| | >=16 | 7 | | | | | | | 1 | | | 4 | | 3 | 1 | 5 | | 801 | 7 | 829 |
| | कुल | 54 | 1 | | 6 | 4 | 9 | 28 | 71 | 253 | 291 | 468 | 385 | 384 | 324 | 297 | 221 | 1176 | 28 | 4000 |

**चार्ट 3: भविष्य की मूल्य प्रत्याशा और वर्तमान मुद्रास्फीति की धारणा का संबंध**





## *III.11 मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाइयों के प्रति जागरूकता*


मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाइयों के प्रति जागरूकता का पता लगाने के लिए 21वें सर्वेक्षण दौर (सितंबर 2010) से सर्वेक्षण अनुसूची में एक अतिरिक्त ब्लॉक (ब्लॉक 4) जोड़ा गया था। इस ब्लॉक के दो प्रश्नों में से पहला उत्तरदाता की जागरूकता के बारे में पता लगाने के लिए है कि क्या भारतीय रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है जबकि दूसरा इस बात का पता लगाने के लिए है कि क्या उत्तरदाता यह सोचता है कि भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाइयों का मुद्रास्फीति पर कोई असर पड़ता है। नवीनतम सर्वेक्षण दौर के उत्तर चार्ट 4 में दिए गए हैं। यह पाया गया कि 57 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते हैं कि रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इनमें से 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह माना कि रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इन 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं में से 51 प्रतिशत यह मानते हैं कि रिज़र्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों का असर मुद्रास्फीति के नियंत्रण पर पड़ता है।

सर्वेक्षण अनुसूची के इस ब्लॉक के आधार पर उत्तरों का श्रेणीवार वितरण दर्शाता है कि मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में भारतीय

**चार्ट 4: मुद्रास्फीति के नियंत्रण के बारे में रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में जागरूकता**



**चार्ट 5: मुद्रास्फीति के नियंत्रण हेतु रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में श्रेणीवार जागरूकता**




रिजर्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों के प्रति जागरूकता "वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों" में सर्वाधिक थी और "दिहाड़ी मजदूरों" और "गृहिणियों" में सबसे कम थी (चार्ट 5)।

ऐसे 25 प्रतिशत उत्तरदाता द्वारा, जो यह मानते हैं कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है, 'मुद्रास्फीति के नियंत्रण के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों के प्रभाव' के संबंध में दिए गए उत्तरों का श्रेणीवार वितरण सारणी 14 में दिया गया है।

## IV मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के लिए बूटस्ट्रैप विश्वास अंतराल

पिछले भागों में मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं की औसत दर संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई है। अध्ययनाधीन जनसंख्या संबंधी चर अर्थात

**सारणी 14: मुद्रास्फीति के नियंत्रण हेतु रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के प्रभाव के बारे में श्रेणीवार उत्तर**

| श्रेणी | मुद्रास्फीति के नियंत्रण हेतु रिज़र्व बैंक की कार्रवाई का प्रभाव (उत्तरदाताओं का प्रतिशत*) | | |
|---|---|---|---|
| | हां | नहीं | कोई अनुमान नहीं |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 53.8 | 33.2 | 13.0 |
| अन्य कर्मचारी | 49.5 | 34.2 | 16.2 |
| स्वनियोजित | 47.6 | 34.2 | 18.2 |
| गृहिणियां | 53.3 | 26.1 | 20.6 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 48.6 | 33.6 | 17.8 |
| दैनिक कामगार | 50.0 | 35.2 | 14.8 |
| अन्य श्रेणी | 56.9 | 29.2 | 13.8 |

* वे उत्तरदाता जिनको भारतीय रिजर्व बैंक की मुद्रास्फीति नियंत्रण संबंधी कार्रवाइयों की जानकारी है।

**सारणी 15: दुबारा लिए गए 10,000 नमूनों के आधार पर 99 प्रतिशत बूटस्ट्रैप विश्वास अंतराल (बीसीआई)**

| वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्य के लिए 99% बीसीआई% | अंतराल की चौड़ाई | माध्य के लिए 99% बीसीआई% | अंतराल की चौड़ाई | माध्य के लिए 99% बीसीआई% | अंतराल की चौड़ाई |
| (11.38, 11.10) | 0.28 | (11.96,11.69) | 0.27 | (13.07,12.81) | 0.26 |

मुद्रास्फीति प्रत्याशा का वास्तविक वितरण ज्ञात न होने के कारण घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के अंतराल अनुमान की गणना के लिए सांख्यिकीय अनुमान हेतु बूटस्ट्रैप पुनः नमूना चयन प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। माध्य के इन विश्वास अंतरालों को प्रस्तुत किया गया है ताकि घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के अनुमान से संबंधित त्रुटि का पता लगाया जा सके।

रिप्लेसमेंट के साथ सरल यादृच्छिक नमूनों का उपयोग कर 10,000 पुन: नमूनों का प्रयोग करके माध्य के लिए 99 प्रतिशत बूटस्ट्रैप विश्वास अंतराल (बीसीआई ) प्राप्त कर लिया गया। इसके परिणाम सारणी 15 में दिए गए हैं। यह देखा गया है कि इस प्रक्रिया से कम विस्तार वाला विश्वास अंतराल प्राप्त हुआ है जिससे यह स्पष्ट होता है कि परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं की जनसंख्या के औसत के आकलन के लिए बिंदु अनुमान काफी सटीक थे।

## विवरण 1 : उत्तरदाताओं का प्रतिशत - 3 माह और 1 वर्ष आगे के लिए उत्पाद-वार मूल्य प्रत्याशाएं

| 1. सामान्य | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **92.0** | **93.1** | **95.8** | **97.4** | **95.7** | **95.3** | **96.5** | **98.6** | **96.0** | **98.7** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 54.9 | 63.5 | 72.2 | 74.6 | 66.9 | 72.7 | 72.2 | 74.3 | 72.9 | 71.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 22.4 | 20.7 | 18.4 | 16.6 | 20.0 | 20.0 | 21.0 | 22.0 | 20.4 | 19.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 14.8 | 8.9 | 5.1 | 6.2 | 8.8 | 2.6 | 3.3 | 2.3 | 2.7 | 7.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **6.9** | **6.1** | **3.7** | **2.4** | **3.4** | **4.2** | **2.9** | **1.1** | **3.5** | **1.2** |
| **कीमतों में कमी** | **1.1** | **0.9** | **0.6** | **0.3** | **0.9** | **0.5** | **0.6** | **0.4** | **0.5** | **0.1** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.6** | **93.7** | **96.3** | **96.3** | **96.5** | **95.2** | **95.6** | **98.9** | **96.1** | **98.7** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 64.7 | 62.8 | 69.5 | 68.2 | 62.8 | 70.8 | 70.4 | 77.4 | 73.4 | 73.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 15.9 | 18.5 | 17.3 | 15.2 | 19.8 | 18.7 | 19.7 | 17.9 | 18.6 | 18.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 15.0 | 12.4 | 9.5 | 12.9 | 13.9 | 5.7 | 5.6 | 3.6 | 4.2 | 7.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.3** | **5.3** | **3.1** | **3.1** | **2.6** | **3.8** | **3.5** | **0.9** | **3.5** | **1.3** |
| **कीमतों में कमी** | **1.1** | **0.9** | **0.7** | **0.6** | **0.9** | **1.1** | **0.9** | **0.3** | **0.3** | **0.0** |
| **2. खाद्य वस्तु कीमतें** | | | | | | | | | | |
| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **93.6** | **94.6** | **96.3** | **98.0** | **95.9** | **95.8** | **96.7** | **98.1** | **95.4** | **98.6** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 58.6 | 64.5 | 76.1 | 81.1 | 70.4 | 74.9 | 74.7 | 73.1 | 69.4 | 72.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 23.3 | 21.5 | 15.0 | 11.7 | 15.5 | 17.7 | 18.0 | 21.3 | 21.0 | 17.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 11.8 | 8.6 | 5.2 | 5.3 | 10.0 | 3.2 | 4.0 | 3.7 | 5.1 | 9.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **5.6** | **4.6** | **3.0** | **1.4** | **3.1** | **3.5** | **2.3** | **1.4** | **3.8** | **1.2** |
| **कीमतों में कमी** | **0.8** | **0.9** | **0.8** | **0.6** | **1.0** | **0.7** | **1.0** | **0.6** | **0.8** | **0.2** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **96.6** | **94.7** | **96.2** | **96.5** | **96.8** | **95.6** | **95.7** | **98.6** | **95.9** | **98.6** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 66.2 | 63.6 | 71.0 | 72.1 | 65.9 | 72.8 | 71.7 | 76.4 | 75.5 | 73.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 18.1 | 18.9 | 15.2 | 11.9 | 16.5 | 16.9 | 17.8 | 17.8 | 16.6 | 17.2 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 12.4 | 12.2 | 10.0 | 12.5 | 14.5 | 5.9 | 6.2 | 4.4 | 3.9 | 7.9 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **2.7** | **4.5** | **2.9** | **2.7** | **2.3** | **3.3** | **3.2** | **1.1** | **3.6** | **1.3** |
| **कीमतों में कमी** | **0.7** | **0.8** | **0.9** | **0.9** | **0.9** | **1.1** | **1.1** | **0.4** | **0.5** | **0.1** |
| **3. गैर खाद्य वस्तु कीमतें** | | | | | | | | | | |
| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **91.0** | **91.4** | **94.7** | **95.8** | **94.0** | **92.9** | **95.4** | **95.9** | **95.0** | **98.0** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 48.6 | 51.2 | 59.3 | 63.1 | 57.4 | 60.1 | 64.4 | 58.8 | 58.4 | 65.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 25.5 | 28.4 | 27.1 | 24.8 | 28.0 | 29.4 | 27.3 | 33.2 | 31.3 | 25.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 17.0 | 11.8 | 8.3 | 7.9 | 8.7 | 3.4 | 3.7 | 3.9 | 5.3 | 7.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **7.8** | **7.7** | **4.7** | **3.7** | **4.8** | **6.3** | **3.9** | **0.5** | **4.4** | **1.9** |
| **कीमतों में कमी** | **1.2** | **1.0** | **0.7** | **0.5** | **1.2** | **0.9** | **0.7** | **0.7** | **0.6** | **0.1** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **94.6** | **91.9** | **95.2** | **94.6** | **94.7** | **92.8** | **94.6** | **97.5** | **94.7** | **97.8** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 57.5 | 53.1 | 59.6 | 60.7 | 53.0 | 59.7 | 64.0 | 65.2 | 59.9 | 66.9 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 20.4 | 25.0 | 23.6 | 20.7 | 27.6 | 26.4 | 24.9 | 28.1 | 29.2 | 24.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 16.7 | 13.8 | 12.1 | 13.2 | 14.1 | 6.7 | 5.7 | 4.2 | 5.6 | 7.0 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **4.1** | **7.3** | **4.0** | **4.6** | **4.2** | **5.9** | **4.4** | **2.2** | **4.6** | **2.0** |
| **कीमतों में कमी** | **1.4** | **0.8** | **0.8** | **0.8** | **1.1** | **1.3** | **1.0** | **0.4** | **0.7** | **0.1** |

## विवरण 1 : उत्तरदाताओं का प्रतिशत - 3 माह और 1 वर्ष आगे के लिए उत्पाद-वार मूल्य प्रत्याशाएं ( *समाप्त*)

**4. घरेलू टिकाऊ वस्तुओं की कीमतें**

| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **82.5** | **80.0** | **86.8** | **87.7** | **86.4** | **87.1** | **89.7** | **91.9** | **90.4** | **91.7** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 33.2 | 37.2 | 38.4 | 45.5 | 44.1 | 45.1 | 45.8 | 45.5 | 47.0 | 49.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 24.2 | 26.3 | 30.5 | 23.4 | 27.2 | 30.5 | 32.9 | 28.9 | 28.0 | 30.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 25.2 | 16.5 | 18.0 | 18.9 | 15.1 | 11.6 | 11.0 | 17.5 | 15.4 | 12.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **14.6** | **15.7** | **11.0** | **9.5** | **8.8** | **9.1** | **6.3** | **5.9** | **5.9** | **6.7** |
| **कीमतों में कमी** | **2.9** | **4.4** | **2.2** | **2.9** | **4.8** | **3.8** | **4.1** | **2.4** | **3.8** | **1.7** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **84.6** | **80.4** | **88.7** | **87.8** | **85.2** | **87.2** | **89.0** | **94.4** | **91.3** | **92.8** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 40.1 | 38.4 | 43.3 | 45.5 | 43.2 | 46.6 | 46.3 | 48.6 | 49.6 | 52.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 22.4 | 24.3 | 28.2 | 22.1 | 25.4 | 30.1 | 31.8 | 32.5 | 29.0 | 25.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 22.1 | 17.7 | 17.3 | 20.3 | 16.6 | 10.6 | 11.0 | 13.3 | 12.8 | 15.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **11.2** | **16.2** | **9.1** | **8.5** | **9.6** | **8.0** | **6.7** | **3.8** | **5.7** | **5.4** |
| **कीमतों में कमी** | **4.2** | **3.5** | **2.2** | **3.7** | **5.3** | **4.8** | **4.3** | **1.9** | **3.0** | **1.9** |

**5. आवास की कीमतें**

| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **89.8** | **92.4** | **93.8** | **96.1** | **95.2** | **96.1** | **96.0** | **97.0** | **94.5** | **95.2** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 46.2 | 55.9 | 64.4 | 70.8 | 60.4 | 70.8 | 64.6 | 73.1 | 73.5 | 65.4 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 26.4 | 25.4 | 22.0 | 19.8 | 25.4 | 21.0 | 24.8 | 21.3 | 18.3 | 23.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 17.2 | 11.1 | 7.4 | 5.6 | 9.5 | 4.3 | 6.7 | 2.6 | 2.7 | 6.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **8.3** | **6.4** | **5.0** | **3.4** | **3.5** | **3.1** | **2.8** | **2.1** | **4.7** | **4.5** |
| **कीमतों में कमी** | **1.9** | **1.3** | **1.2** | **0.5** | **1.3** | **0.9** | **1.2** | **0.9** | **0.8** | **0.3** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **93.0** | **93.0** | **94.9** | **96.4** | **94.1** | **96.1** | **95.3** | **97.9** | **94.8** | **97.6** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 57.4 | 57.6 | 66.0 | 73.4 | 61.0 | 72.0 | 65.9 | 75.5 | 72.1 | 70.4 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 20.0 | 22.1 | 21.4 | 15.1 | 21.7 | 19.1 | 21.6 | 19.4 | 20.1 | 21.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 15.6 | 13.3 | 7.6 | 7.9 | 11.4 | 5.0 | 7.9 | 3.0 | 2.7 | 5.6 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **5.4** | **5.8** | **3.8** | **2.9** | **4.6** | **2.7** | **3.2** | **1.4** | **4.6** | **2.0** |
| **कीमतों में कमी** | **1.6** | **1.2** | **1.3** | **0.7** | **1.3** | **1.2** | **1.5** | **0.8** | **0.6** | **0.4** |

**6. सेवा की लागत**

| दौर संख्या/सर्वेक्षण अवधि | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (समाप्त तिमाही) → | मार्च-09 | जून-09 | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 |
| विकल्प | 3-महीने आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **87.8** | **87.3** | **92.4** | **91.7** | **89.9** | **94.1** | **94.2** | **94.1** | **91.6** | **96.2** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 42.2 | 53.1 | 63.7 | 62.7 | 58.6 | 63.2 | 59.2 | 61.4 | 62.1 | 61.0 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 29.2 | 22.2 | 22.9 | 21.2 | 23.9 | 26.2 | 28.6 | 28.9 | 26.4 | 26.2 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 16.4 | 12.0 | 5.8 | 7.8 | 7.5 | 4.8 | 6.4 | 3.8 | 3.1 | 9.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **10.4** | **11.3** | **6.3** | **7.0** | **6.7** | **4.8** | **5.2** | **4.5** | **7.7** | **3.8** |
| **कीमतों में कमी** | **1.8** | **1.5** | **1.3** | **1.4** | **3.4** | **1.1** | **0.6** | **1.4** | **0.7** | **0.0** |
| विकल्प | 1-वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **90.7** | **88.1** | **95.0** | **92.3** | **89.9** | **94.2** | **94.3** | **95.2** | **91.2** | **97.3** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 49.2 | 54.4 | 65.6 | 62.9 | 57.2 | 63.2 | 58.0 | 64.6 | 62.6 | 62.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 23.9 | 20.2 | 21.5 | 18.5 | 23.0 | 24.9 | 29.5 | 25.7 | 24.4 | 25.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 17.6 | 13.5 | 7.9 | 10.9 | 9.8 | 6.1 | 6.8 | 4.9 | 4.2 | 9.3 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **7.3** | **10.3** | **4.1** | **6.0** | **6.9** | **4.6** | **4.9** | **4.1** | **8.2** | **2.6** |
| **कीमतों में कमी** | **2.1** | **1.6** | **1.0** | **1.8** | **3.2** | **1.2** | **0.9** | **0.7** | **0.7** | **0.1** |

## अनुबंध

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग**
**परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशा का सर्वेक्षण,**
**मार्च 2011**

**उत्तरदाता का कोड**

| दौर संख्या | जोन | शहर | लिंग | आयु वर्ग | श्रेणी | क्रम संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | | | | | |

**खंड 1. उत्तरदाता की पहचान**

1. उत्तरदाता का नाम: ______________________
2. उत्तरदाता का पता: ______________________

| शहर | | राज्य | | पिन | |
|---|---|---|---|---|---|

3. टेलीफोन/मोबाइल नं..: ______________________
4. उत्तरदाता का लिंग (कृपया उपयुक्त स्थान पर (✓) निशान लगाएं) [1] पुरुष [2] महिला
5. उत्तरदाता की उम्र (पूर्ण वर्षों में, 18 वर्ष से अधिक) ______
6. उत्तरदाता का वर्ग (कृपया उपयुक्त स्थान पर (✓) निशान लगाएं)

| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | अन्य कर्मचारी | स्व-नियोजित | गृहिणी | सेवानिवृत्त व्यक्ति | दैनिक श्रमिक | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|

**खंड 2. अगले तीन माह की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्याशा** (कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (✓) निशान लगाएं)

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर के अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खंड 3. अगले 1वर्ष की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्यशा** (कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (✓) निशान लगाएं)

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर के अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खंड 4. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के संबंध में रिज़र्व बैंक की कार्रवाई पर उत्तरदाताओं के विचार**

*क्या आपको लगता है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक आवश्यक कार्रवाई कर रहा है? विकल्प-हां/नहीं/पता नहीं*
*यदि हां, तो क्या इसका मुद्रास्फिति पर असर पड़ेगा? हां/नही/पता नहीं*

**खंड 5. निम्नलिखित मुद्रास्फीति दरों पर उत्तरदाता के विचार:** (कृपया प्रत्येक पंक्ति के संबंधित खाने पर (✓) निशान लगाएं।

| मानदंड | विकल्प | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 -2 % | 2 -3 % | 3- 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16 % या इससे अधिक | पता नहीं |
| 3 माह के बाद मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 -2 % | 2 -3 % | 3- 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16 % या इससे अधिक | पता नहीं |
| वर्ष बाद मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 -2 % | 2 -3 % | 3- 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16 % या इससे अधिक | पता नहीं |

**खंड 6.** *कृपया आपके द्वारा पिछले एक माह के दौरान निम्नलिखित प्रमुख खाद्य मदों को खरीदने के लिए आपके द्वारा अदा की गई राशि विनिर्दिष्ट करें।*

| *(1)* | *(2)* | *(3)* | *(4)* | *(5)* |
|---|---|---|---|---|
| *दूध (₹ प्रति लीटर)* | *गेहूं आटा (₹ प्रति कि.ग्रा.)* | *चावल (₹ प्रति कि.ग्रा.)* | *चना दाल (₹ प्रति कि.ग्रा.)* | *तूर-दाल (₹ प्रति कि.ग्रा.)* |
| | | | | |

| जांचकर्ता का नाम | जांचकर्ता के हस्ताक्षर | साक्षात्कार की तिथि<br>तारीख/महीना/वर्ष<br>1/2011 |
|---|---|---|

## अनुबंध *(जारी)*

**मानदंडों का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| **खाद्य उत्पाद** | (i) | अनाज (गेहूं, चावल, दालें *आदि*), फल, सब्जियाँ, चीनी, खाद्य तेल, डेयरी उत्पाद और बेकरी उत्पाद, चाय, कॉफी *आदि.* |
| | (ii) | मांस, मछली और समुद्री उत्पाद |
| | (iii) | शीतल पेय, कार्बोनेटेड और मिनरल वाटर, पेय पदार्थ |
| | (iv) | *बीड़ी,* सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद जैसे *जर्दा,* पान मसाला और सबद्ध उत्पाद *आदि* |
| **खाद्य वस्तुओं से इतर उत्पाद** | (i) | कपड़े और परिधान वस्त्र |
| | (ii) | भेषज और चिकित्सा, साफ-सफाई और पालिस के उत्पाद, साबुन, डिटर्जेंट |
| | (iii) | रबड़ और रबर उत्पाद, टायर और ट्यूब |
| | (iv) | प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद |
| | (v) | चमड़ा और चमड़े के उत्पाद आदि (जूते *आदि*) |
| | (vi) | कागज और कागज उत्पाद आदि (लेखन सामग्री *आदि*) |
| | (vii) | पेट्रोलियम और कोयला उत्पाद |
| | (viii) | मूल रसायन और रासायनिक उत्पाद, डाई और डाई के सामान |
| | (ix) | मूल धातु गैर धातु खनिज उत्पाद *आदि* |
| **घरेलू टिकाऊ वस्तुएं** | (i) | श्रव्य-दृश्य उपकरण (रेडियो, टीवी, वीडियो कैमरा, माइक्रोफोन टेलीफोन, मोबाइल *आदि*) |
| | (ii) | फर्नीचर, लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद |
| | (iii) | वाशिंग मशीन, एयर कूलर और एयर कंडीशनर |
| | (iv) | पर्सनल कंप्यूटर |
| | (v) | घड़ियां और दीवार घड़ियां, *आदि* |
| **आवास** | (i) | आवास/कार्यालय परिसर का निर्माण और रखरखाव |
| | (ii) | साइट की तैयारी |
| **सेवाएँ** | (i) | कंप्यूटर, संबद्ध कार्य जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर परामर्श, डेटा प्रोसेसिंग, कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा संस्थान |
| | (ii) | स्वास्थ्य और सामाजिक कार्य |
| | (iii) | बैंकिंग/डाक सेवाएं |
| | (iv) | सदस्यता संगठनों के कार्यकलाप |
| | (v) | अन्य व्यावसायिक गतिविधियां जैसे, वाशिंग, साफ-सफाई, हेयरड्रेसिंग, कुरियर गतिविधियां, *आदि* |

## अनुबंध (समाप्त)

**उत्तरदाताओं के कोड को भरने के लिए कोड सूची**

**क. क्षेत्र कोड**

| क्रम सं. | क्षेत्र | क्षेत्र कोड |
|---|---|---|
| 1 | मुंबई | 1 |
| 2 | कोलकाता | 2 |
| 3 | चेन्नै | 3 |
| 4 | दिल्ली | 4 |

**ख. शहर कोड**

| क्षेत्र | क्रम सं. | शहर के नाम | शहर कोड |
|---|---|---|---|
| मुंबई | 1 | मुंबई | 600 |
| | 2 | अहमदाबाद | 540 |
| | 3 | भोपाल | 700 |
| कोलकाता | 4 | कोलकाता | 100 |
| | 5 | गुवाहाटी | 010 |
| | 6 | पटना | 060 |
| चेन्नै | 7 | चेन्नै | 900 |
| | 8 | हैदराबाद | 800 |
| | 9 | बेंगलुरु | 840 |
| दिल्ली | 10 | दिल्ली | 290 |
| | 11 | जयपुर | 500 |
| | 12 | लखनऊ | 200 |

**ग. लिंग कोड**

| क्रम सं. | लिंग | लिंग कोड |
|---|---|---|
| 1 | पुरुष | 1 |
| 2 | महिला | 2 |

**घ. वर्ग कोड**

| क्रम सं. | उत्तरदाताओं का वर्ग | वर्ग कोड |
|---|---|---|
| 1 | वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी 1 | |
| 2 | अन्य कर्मचारी | 2 |
| 3 | स्व-नियोजित | 3 |
| 4 | गृहिणियां | 4 |
| 5 | सेवानिवृत्त व्यक्ति | 5 |
| 6 | दैनिक श्रमिक | 6 |
| 7 | अन्य श्रेणी | 7 |

**ड. आयु वर्ग कोड**

| क्रम सं. | आयु वर्ग | आयु वर्ग कोड |
|---|---|---|
| 1 | 25 वर्ष तक | 1 |
| 2 | 25 से 30 वर्ष | 2 |
| 3 | 30 से 35 वर्ष | 3 |
| 4 | 35 से 40 वर्ष | 4 |
| 5 | 40 से 45 वर्ष | 5 |
| 6 | 45 से 50 वर्ष | 6 |
| 7 | 50 से 55 वर्ष | 7 |
| 8 | 55 से 60 वर्ष | 8 |
| 9 | 60 वर्ष और उससे अधिक | 9 |